# बेगमगंज को शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर कवायद

## नगर प्रशासन ने सेमरी नदी में पड़े मृत मवेशियों के अवशेष हटवाए



**बेगमगंज, 11 जनवरी. इंदौर में पेयजल के कारण हुई भयाभय स्थिति के मद्देनजर सरकार ने संपूर्ण मप्र में शुद्ध पेयजलापूर्ति कराने का बीड़ा उठा लिया है और अब सभी नगर सहित क्षेत्र में होने वाली पेयजलापूर्ति शुद्ध और हानिरहित हो इसको लेकर प्रशासनिक अमला जुट गया है.**

इसी तारतम्य में पिछले एक सप्ताह से नपाध्यक्ष संदीप लोधी, सीएमओ राजेन्द्र शर्मा द्वारा नगर के सभी 18 वार्डों में शुद्धता पेयजलापूर्ति को लेकर सक्रिय हो गए हैं. सभी वार्डों में नालियों के बीच या पास से निकली पाइप लाइन को हटवाने के निर्देश दिए गए हैं. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है. रविवार को नगर सहित आसपास की नदियों के जल की परख के लिए तहसीलदार प्रमोद उइके ने भी शुद्ध पेयजलापूर्ति कराने के उद्देश्य से औचक निरीक्षण किया. बीना नदी एवं सेमरी नदी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेमरी नदी के परसोरा घाट पर नदी के अंदर पालतू पशुओं के अवशेष पड़े मिली. उन्होंने ने उन्हें नदी के पानी के अंदर से निकलवाकर नदी से बहुत दूर एक बड़ा गड्ढा कराकर उसमें डिस्पोजल कराया.

> इसके अतिरिक्त नदी के पानी की सफाई के निर्देश नगरपालिका प्रशासन को दिए , पानी में ब्लीचिंग पाउडर एवं फिटकरी जैसे पदार्थ डाले जाए और लोगों को शुद्ध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाए . क्योंकि सेमरी नदी के जल से ही नगर में पेयजलापूर्ति हो रही है तो इसका पानी शुद्ध रखा जाना आवश्यक है . तहसीलदार प्रमोद उइके ने बताया नागरिकों को शुद्ध पेयजलापूर्ति कराने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, किसी भी कीमत पर दूषित जलापूर्ति नहीं होगी वो चाहे नगर हो या गांव शासन- प्रशासन लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा . सेमरी नदी एवं बीना नदी के घाटों की प्रति दिन चैकिंग कराई जाएगी ताकि कोई पानी में मृत मवेशी या गंदा कचरा वगैर नहीं डाले . सभी नागरिकों को हरहाल में शुद्ध पेयजलापूर्ति की जाएगी .



# थाने में 12 गुंडों और 5 निगरानी बदमाशों की कराई परेड

**सलामतपुर. सलामतपुर थाना क्षेत्र में रविवार को थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने 12 गुंडे ( हिस्ट्रीशीटर ) और 5 निगरानी बदमाशों को थाने पर तलब किया. सभी को लाइन में खड़ा कर परेड कराई गई. उनके डोजियर फॉर्म भरवाए गए, पुराने रिकॉर्ड की जानकारी ली गई और सभी को शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने की सख्त हिदायत दी गई.**

एसपी आशुतोष गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही स्पष्ट कर दिया है कि जिले में गुंडागर्दी और अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. इसी कड़ी में थाना स्तर पर यह पहली कार्रवाई की गई है. थाना प्रभारी रघुवंशी ने बताया कि बताया कि आगे भी ऐसे बदमाशों पर लगातार नजर रखी जाएगी और कोई गलती हुई तो तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी.



# असमर्थ मतदाताओं के घर पहुंचे रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

**बेगमगंज, 11 जनवरी. निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र 143 से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत एक बड़ी और सराहनीय खबर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से सामने आई है.**

उन मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है, जिनकी वर्ष 2003 की जानकारी उपलब्ध न होने के कारण एसआईआर 2026 में मेपिंग नहीं हो सकी थी, और जिन्हें नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया गया था. इसी क्रम में बेगमगंज शहरी क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की एक संवेदनशील और मानवीय पहल देखने को मिली. यहाँ दो ऐसी महिला मतदाता चिन्हित किया गया जो लंबे समय से गंभीर बीमारी के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं और बिस्तर पर आश्रित होने के कारण निर्धारित तिथि पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकीं थी. पहली महिला मतदाता- शकुंतला, पति रामरतन, उम्र 75 वर्ष, मतदान केंद्र क्रमांक 62 की निवासी हैं. वहीं दूसरी महिला मतदाता- लक्ष्मी, पति आशाराम, उम्र 74 वर्ष, मतदान केंद्र क्रमांक 57 से संबंधित हैं. दोनों महिला मतदाता लंबे समय से बीमारी से ग्रस्त हैं और शारीरिक असमर्थता के करण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुँचने में असमर्थ थीं. ऐसे असहाय मतदाताओं के अधिकारों को सर्वोपरि रखते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रभारी एसडीएम अंकित कुमार जैन (आईएएस ) एवं रजिस्ट्रीकरण सहायक अधिकारी प्रमोद कुमार उइके स्वयं उनके निवास स्थान पर पहुँचे और मौके पर ही उनकी सुनवाई की अधिकारियों ने महिला मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए और नियमानुसार सत्यापन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण की. निर्वाचन शाखा के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की इस पहल से यह स्पष्ट संदेश गया है कि कोई भी पात्र मतदाता केवल बीमारी या शारीरिक असमर्थता के कारण अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहेगा. मतदाता सूची का यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को और अधिक मज़बूत, समावेशी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# हिंदू सम्मेलन के भंडारे में नागरिकों ने ग्रहण की प्रसादी

## पंच परिवर्तन का दिया संदेश, सिलवानी नगर सकल हिंदू समाज का आयोजन

**सिलवानी, 11 जनवरी. संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार है, जहां से राष्ट्रभक्ति का बीज अंकुरित होता है. भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है, जिससे स्थानीय उद्योग और श्रमिक सशक्त हों.**

यह बात सिलवानी नगर में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में संपन्न हुए विशाल हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. राजेश सेठी प्रान्त सह संघचालक ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. अपने ओजस्वी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन तभी सफल होगा जब समाज का अंतिम व्यक्ति जाति-भेद्र व ऊंच-नीच से ऊपर उठकर एकता के भाव से चलते हुए राष्ट्र भक्ति को अपने आचरण में धारण करेगा. अपने उद्बोधन में डॉ. राजेश सेठी ने पंच परिवर्तन को राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र बताकर पर्यावरण संरक्षण को जीवन का संस्कार बनाते हुए जल, वन और भूमि की रक्षा का आह्वान किया. कुटुंब प्रबोधन पर बोलते हुए उन्होंने नागरिक अनुशासन को मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए नियमों के पालन पर जोर दिया. सामाजिक समरसता को उन्होंने भारत की आत्मा कहा और कि जब समाज इन पांच परिवर्तनों को अपने आचरण में उतार लेगा, तब राष्ट्र स्वत: ही विश्वगुरु की दिशा में अग्रसर होगा.

सम्मेलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा. कार्यक्रम में 1008 अशोक दास महाराज, जैन संत बाल ब्रह्मचारी बसंत महाराज, नगर खेड़ापति नरेश शास्त्री, संजय शास्त्री कार्यक्रम के संयोजक दीपेश समैया, सह संयोजक ममता दीदी मंच पर उपस्थित रहे. उपस्थित संतों ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहने प्रेरणा दी.




### बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे

कार्यक्रम का प्रभावी और सशक्त संचालन दीनानाथ श्रीवास्तव द्वारा किया गया . सम्मेलन के समापन पश्चात सांदीपनि विद्यालय परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां सभी उपस्थित जनों ने प्रेम, सौहार्द और समरसता के साथ महाप्रसादी ग्रहण की . कार्यक्रम में नगर के सभी वार्डों से हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे . अंत में आयोजन समिति सकल हिंदू समाज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, नगरवासियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया .



# दादाजी धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान

**भोपाल, 11 जनवरी. मकर संक्रांति पर्व पूर्व रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर में रविवार को भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

'आइए मिलकर अपने मंदिर को संवारें' के प्रेरणादायी संदेश के साथ आयोजित इस सेवा अभियान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने स्वेच्छा से सहभागिता की और मंदिर सेवा का पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रमदान का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाना रहा, जिससे दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को दिव्य, पवित्र एवं शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके। श्रमदान के दौरान भक्तों ने मंदिर परिसर, प्रांगण एवं दीवारों की साफ-सफाई की। साथ ही समस्त देवी-देवताओं का विधिवत कुनकुने जल से अभिषेक कर उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराए गए। संपूर्ण सेवा कार्य धार्मिक विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह श्रमदान कार्यक्रम रविवार को दोपहर 12 बजे से सायं 4:30 बजे तक आयोजित किया गया। ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं, परिवारजनों एवं मित्रों से आगामी श्रमदान कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंदिर सेवा में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### भगवा पगड़ी पहनकर हिंदू सम्मेलन में हुए शामिल

**भोपाल.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे सकल हिंदू समाज के सम्मेलन के तहत रविवार को नारियल खेड़ा में शारदा नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ , कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू बंधु उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में हिंदू शेरनी तलवार हाथ में लिए और भगवा पगड़ी पहन निकले. साथ ही बड़ी संख्या में विवेकानंद, शिवाजी, लक्ष्मी बाई आदि प्रतिरूप में सैकड़ों बच्चे भी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई.

# चौराहे के नामकरण के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल, 11 जनवरी.** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं सार्वदेशिक युवा कायस्थ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 1100 क्वार्टर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के पास चौराहे का नामकरण 'चित्रगुप्त चौराहा' करने के लिए भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम अखिल भारतीय हिन्दू महासभा, संत महासभा एवं चित्रगुप्त अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रपाणि महाराज द्वारा किया. इसके उपरांत चक्रपाणि महाराज ने नेवरी लालघाटी पर मनकामेश्वर महादेव मंदिर स्थित चित्रगुप्तधाम में आराध्यदेव चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती की. इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक एकजुटता एवं समरसता पर जोर दिया.

# भोपाल में होगा होमियो विज़न 3 .0 का आयोजन

**भोपाल, 11 जनवरी. हेल्दी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन होमियो विज़न 3.0 इस वर्ष मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किया जा रहा है.**

यह आयोजन पं. खुशीलाल शर्मा आयुष ऑडिटोरियम में संपन्न होगा. इस सम्मेलन में देशभर से लगभग 800 से अधिक डेलिगेट्स भाग लेंगे, जिनमें अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सक, मेडिकल प्रोफेशनल्स, शिक्षाविद् तथा छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य होम्योपैथी के क्षेत्र में नवीन शोध, क्लीनिकल अनुभव और आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोण को साझा करना है. हेल्दी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन डॉ. पूजा नायक ने कहा-'होमियो विज़न 3.0 मध्य प्रदेश में होम्योपैथी के विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा. यह सम्मेलन चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धन के साथ-साथ प्रेरणा का भी सशक्त मंच बनेगा. इस राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रो. सुभाष सिंह, प्रो. एस. प्रवीण कुमार, प्रो. शशिकांत तिवारी, प्रो. अमित नायक, डॉ. जूही गुप्ता, डॉ. पवन पारिख, डॉ. बजरंगी भोंसले, डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. रवि सिंह, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, डॉ. गिरीश गुप्ता, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. ए. के. द्विवेदी शोधपत्र एवं विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे.

# रेलवे की बाउंड्रीवाल बनने से हादसों में आई कमी

## विभाग ने पटरियों के दोनों ओर बनाई है सेफ्टी बाउंड्रीवाल

**सलामतपुर, 11 जनवरी. रेलवे विभाग द्वारा सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्रों में बनाई गई सेफ्टी बाउंड्रीवाल से हादसों में कमी आई है. पहले जब बाउंड्रीवाल नही बनी थी तो जानवर आसानी के साथ रेलवे लाइन तक पहुंच जाते थे. जिसकी वजह से आए दिन हादसे होते रहते थे.**

रेलवे ने अपनी ज़मीन पर से अतिक्रमण हटाकर सेफ्टी बाउंड्रीवाल का निर्माण किया है. इसका निर्माण कार्य बहुत तेज़ी से चला. कस्बे में लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है. बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य ट्रेक के दोनों और इसलिए किया गया है कि ट्रेन, ट्रैक की सुरक्षा हो सके. ताकि कोई भी जानवर रेलवे लाइनों तक नही पहुंच सकें. क्योंकि कई बार जानवर पटरियों तक पहुंचकर ट्रेन से टकरा जाते हैं. जिससे गंभीर हादसा होने की संभावना रहती है. सेफ्टी बाउंड्रीवाल बनने से रेलवे विभाग ने राहत की सांस ली है. क्योंकि सेफ्टी बाउंड्रीवाल बनने से अब हादसों में कमी आई है.

ट्रेन, यात्री और ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे विभाग भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा किया है. जिसमें भोपाल से हबीबगंज स्टेशन और निशातपुरा से भोपाल के बीच 8 किलोमीटर क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है. भोपाल के आसपास के क्षेत्रों सलामतपुर में रेलवे ट्रेक के दोनों और लगभग डेढ़-डेढ़ किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल बाउंड्रीवाल बनाई गई है. रेल अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों की स्पीड अब 110 से बढ़कर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक सेक्शनों में पहुंचती जा रही है. इसी को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा व कोई जानवर रेलवे ट्रैक तक ना पहुंचे इसलिए यह बाउंड्रीवाल बनाई गई है. भविष्य में राजीवनगर प्राथमिक शाला के सामने वाली रेलवे पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में सलामतपुर के मुख्य मार्ग से जोड़ने व सलामतपुर स्टेशन के रेल्वे ओवरब्रिज की लंबाई बढ़ाकर सीधे खेल ग्राउंड तक बनाने के प्रस्ताव पर विचार एव पूर्ण प्रयास करने की बात भी कही जा रही है.

हबीबगंज में 6.1 किमी, हबीबगंज यार्ड 3.8, मिसरोद यार्ड 1.90, मंडीदीप यार्ड 3.91, ओबेदुल्लागंज यार्ड 2.60, निशातपुरा भोपाल 2.87 व सूखीसेवनिया यार्ड में 1.7 किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है.



> **इनका कहना है**
>
> जानकारी अनुसार रेलवे ट्रैक के दोनों और सेफ्टी वॉल बनाने का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित करना है . इसी के मद्देनजर सलामतपुर रेलवे स्टेशन के सामने रेलवे की जगह पर ट्रेक के दोनों और डेढ़-डेढ़ किमी एरिया में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है . इस निर्माण से राजीवनगर बस्ती का रास्ता बंद हो रहा था. अधिकारियों ने समस्या का समाधान कर दिया है .
>
> **संजीव यादव,** भाजपा नेता सलामतपुर .

**बिंडो मेला** ▶ तीन से बढ़कर अब दस दिन तक चला बिंडो मेला, उमड़ा जनसैलाब

# डेम में डूबे बिंडे फिर भी नहीं डूबी आदिवासी आस्था

**साईंखेड़ा, 11 जनवरी. आधुनिक विकास की मार और डेम के पानी में डूब चुके आदिवासी आस्था के प्रतीक 'बिंडे' भले ही अब दिखाई नहीं देते हों, लेकिन परंपराओं के प्रति आदिवासी समाज का विश्वास आज भी उतना ही अटूट है.**

यही वजह है कि सिलवानी तहसील के आदिवासी अंचल ग्राम सालावरू में आयोजित प्रसिद्ध बिंडो मेला इस बार ऐतिहासिक रूप से तीन दिवस से बढ़कर लगभग दस दिन तक चला और पूरे क्षेत्र में आस्था, संस्कृति और परंपरा का भव्य संगम देखने को मिला. चार जनवरी से प्रारंभ हुए मेले का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया. तेंदोनी नदी के तट पर लगे इस मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहुंचे और पुरखों से चली आ रही परंपराओं का निर्वहन किया. मेले के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल रहे. उन्होंने खचाखच भरे मेले में पैदल भ्रमण कर जनमानस का अभिवादन किया और इसके बाद मंच पर पहुंचकर सभा को संबोधित किया. इससे पूर्व विधायक ने भगवान बड़ा देव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की. सभा को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र पटेल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि सिलवानी-बेगमगंज विधानसभा क्षेत्र में जानबूझकर अव्यवस्था फैलाई जा रही है. विधायक पटेल ने कहा कि किसानों को न तो फसल का उचित मूल्य मिल पा रहा है और न ही समय पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध हो रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, वहीं प्राकृतिक आपदाओं में मृतकों के परिजनों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है.



> लोकमान्यताओं के अनुसार तेंदोनी नदी के किनारे स्थित गोलाकार प्राकृतिक जलकुंडों को बिंडा कहा जाता है, जिनमें वर्षभर जल भरा रहता था . मान्यता है कि इनके जल में स्नान करने से रोगों से मुक्ति मिलती है . हालांकि नदी पर बने बड़े डेम के कारण ये ऐतिहासिक बिंडे अब जलमग्न होकर लगभग लुप्त हो चुके हैं, लेकिन श्रद्धालु आज भी नदी तट पर पूजा-अर्चना कर परंपरा निभा रहे हैं . कार्यक्रम में आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता राजा धर्मवीर सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं को समाप्त करने का षड्यंत्र कर रही है .

# आज होगा जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार

**रायसेन, 11 जनवरी. स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस एवं युवा दिवस 12 जनवरी 2026 को प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में छात्र-छात्राओं द्वारा सुबह लगभग 09 बजे एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा.**

जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में जिले के प्रभारी मंत्री तथा मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है. जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ ही छात्र-छात्राएं, युवा तथा आमजन सम्मिलित होंगे तथा एक साथ सूर्यनमस्कार/प्राणायाम करेंगे.

प्रभारी मंत्री पंवार 12 जनवरी को सुबह 08 बजे भोपाल से प्रस्थान कर सुबह 09 बजे सर्किट हाउस रायसेन पहुंचेंगे. इसके उपरांत सुबह 09.15 बजे खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. प्रभारी मंत्री प्रात: 10.30 बजे खेल स्टेडियम से प्रस्थान कर सुबह 10.35 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे.